शरण | by Sonu Sharma

श्याम तेरी जो शरण में आये इतनी मौज उड़ाए
दुनिया समझ ना पाए श्याम दुनिया समझ ना पाए
मिट जाए सारी तकलीफें हर दुखिया मुस्काये
तेरी शरण जो आये श्याम तेरी शरण जो आये

जिनके खाने के दाने भी घर मुश्किल से आये
बारिश में टपके छत भी ना चैन से वो सो पाए
श्याम कृपा से बनी हवेली नित नए भोजन पाए
तेरी शरण जो आये श्याम तेरी शरण जो आये

अरदास हुई हर पूरी बस एक रही है अधूरी
कितने जन्मो तक तरसूं अब दे दर्शन कर पूरी
अब के जनम जो हुई ये कृपा युगों युगों गुण गाये
तेरी शरण जो आये श्याम तेरी शरण जो आये

सुनते हैं सबके ताने तुझको पाने की खातिर
मीरा का मोहन मुश्किल से ही मिलता है आखिर
राजू रख विश्वास श्याम खुद नैय्या तेरी चलाये
तेरी शरण जो आये श्याम तेरी शरण जो आये

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%b0%e0%a4%a3-by-sonu-sharma/